कुमाऊँ विश्वविद्यालय,नैनीताल।
KUMAUN UNIVERSITY, NAINITAL (UTTARAKHAND)

पत्रांक - आर0 ओ0/2021/241 दिनांक - 30 अक्टूबर, 2021

प्रेस विज्ञप्ति/सूचना

बी0 एड0 प्रवेश परीक्षा - 2021

कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल द्वारा बी0 एड0 प्रवेश परीक्षा - 2021 हेतु परीक्षा आवेदन पत्र विश्वविद्यालय की वैबसाईट www.kunainital.ac.in के माध्यम से ऑनलाईन आमन्त्रित किये जा रहे हैं। प्रवेश परीक्षा हेतु आवेदन शुल्क कुल ₹ 1,250.00 (₹ एक हजार दो सौ पचास मात्र) ऑनलाईन Debit Card/Credit Card/Netbanking के माध्यम से दिनांक 31 अक्टूबर, 2021 (रात्रि 11:59) तक ही जमा किया जा सकता है। अन्तिम तिथि किसी भी दशा में विस्तारित नहीं की जायेगी तथा अन्तिम तिथि उपरान्त परीक्षा हेतु आवेदन पत्र अथवा परीक्षा शुल्क जमा किया जाना सम्भव नहीं होगा।

अभ्यर्थियों को यह भी सूचित किया जाता है कि प्रवेश परीक्षा हेतु प्रवेश पत्र ऑनलाईन माध्यम से ही डाउनलोड किये जाने होंगे। डाक अथवा किसी भी अन्य माध्यम से प्रवेश पत्र प्रेषित नहीं किये जायेंगे।

बी0 एड0 प्रवेश परीक्षा दिनांक 21 नवम्बर, 2021 (रविवार) को आयोजित की जानी प्रस्तावित थी किन्तु उक्त तिथि को राष्ट्रीय परीक्षा एजेन्सी (NTA) द्वारा यू0 जी0 सी0 नैट परीक्षा आयोजित की जा रही है। **अतः अब यह बी0 एड0 प्रवेश परीक्षा दिनांक 18 नवम्बर, 2021 (बृहस्पतिवार) को आयोजित की जायेगी।**

बी0 एड0 पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु अर्हता व अन्य महत्वपूर्ण सूचनायें विश्वविद्यालय की वैबसाईट में अपलोड की गयी विवरणिका (Information Brochure) से प्राप्त की जा सकती है।

(दिनेश चन्द्रा)
कुलसचिव

पृष्ठांकन सं0 - आर0 ओ0/2021/241 तद्दिनांक

प्रतिलिपि- निम्नांकित समाचार पत्रों के सम्पादकों को इस आशय से प्रेषित कि उक्त विज्ञप्ति को अपने प्रतिष्ठित समाचार पत्र के उत्तराखण्ड संस्करण में छात्रहित एवं जनहित में समाचार के रूप में दिनांक - 31 अक्टूबर, 2021 को निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें -

- दैनिक जागरण, नैनीताल।
- अमर उजाला, नैनीताल।
- हिन्दुस्तान, नैनीताल।
- दैनिक आज, नैनीताल।
- राष्ट्रीय सहारा, नैनीताल।
- उत्तरांचल दीप, नैनीताल।
- उत्तर उजाला, नैनीताल।
- शाह टाइम्स, नैनीताल।
- न्यूज प्रिन्ट, नैनीताल।

प्रतिलिपि - निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित -

- प्राचार्य/निदेशक, समस्त परिसर/महाविद्यालय/संस्थान, सम्बद्ध कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल को इस आशय के साथ प्रेषित कि कृपया उपरोक्त सूचना को अपने स्तर से प्रचारित एवं प्रसारित करने का कष्ट करें।
- निदेशक, डी0 आई0 सी0, कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल।
- निजी सचिव कुलपति को मा0 कुलपति जी के अवलोकनार्थ।

(दिनेश चन्द्रा)
कुलसचिव